तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 बासनवाही में शाला प्रवेश उत्सव ने बिखेरी ...





14 अवैध शराब: 4 तस्कर गिरफ्तार 67 लीटर ...




## खबर संक्षेप

### अंग्रेजी शराब और बीयर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोरर।** कांकेर जिले की कोरर पुलिस ने उजियारा अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए ग्राम तेतापारा चिल्हाटी निवासी 40 वर्षीय तुलाराम तेता को अवैध शराब रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी कोचिया के घर में दबिश देकर 14 पौवा अंग्रेजी डिलक्स व्हिस्की और 7 बोतल सिम्बा एस्ट्रा स्ट्रॉन्ग बीयर, कुल 3,150 रुपए की शराब जब्त की। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई की गई।

### दुर्घटना करने वाले चालक पर जुर्म दर्ज

**कांकेर।** परतापुर पुलिस ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में मर्ग जांच के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। मर्ग क्रमांक 44/26 की जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएच 950 के चालक द्वारा अपने वाहन को अत्यधिक तेज और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी गई थी। इस भीषण एक्सीडेंट में गंभीर चोटें आने के कारण मृतक की मौत हो गई थी। मर्ग जांच में आरोपी चालक की घोर लापरवाही उजागर होने पर बीएनएस की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पखांजुर पुलिस ने आरोपियों से 4.96 लाख और वाहन बरामद किया जब्त

# घर में गड़ा सोना निकालने के नाम पर 5 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के बांदे थाना क्षेत्र में अंधविश्वास का फायदा उठाकर पांच लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। साधु के वेश में घर पहुंचकर परिवार की बीमारी दूर करने और घर में गड़ा सोना निकालने का झांसा देने वाले ठगों ने /"चमत्कारी भस्म के नाम पर लाखों रुपये ऐंठ लिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने महाराष्ट्र में दबिश देकर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से ठगी की 4.96 लाख रुपये की राशि और एक पिकअप वाहन भी बरामद किया गया है।

■ साधु बनकर घर पहुंचे शातिर ठगों ने 'स्वयं सुंदरी' और 'नव जीवन अमृत भस्म' के नाम पर ठगे लाखों

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीवी104 दीपनगर निवासी 53 वर्षीय बलराम सरकार ने 25 जून 2026 को थाना बांदे में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 17 मई को दोपहर के समय एक व्यक्ति साधु के वेश में पांच पैर वाले नंदी बैल के साथ उनके घर पहुंचा। भीख मांगने के दौरान उसने परिवार की बीमारियों का जिक्र करते हुए दावा किया कि उनके घर में सोना गड़ा हुआ है, जिसे बाहर निकाले बिना परिवार की परेशानियां समाप्त नहीं होंगी। आरोपी ने सोना निकालने के लिए स्वयं सुंदरी भस्म नामक विशेष दवा खरीदने की सलाह दी और अपना मोबाइल नंबर देकर गढ़चिरौली आने को कहा। उसके बताए अनुसार प्रार्थी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली पहुंचा, जहां उसे कारगिल चौक स्थित एक आयुर्वेदिक दुकान ले जाया गया, वहां 52 हजार रुपये में मात्र एक ग्राम /"स्वयं सुंदरी भस्म खरीदवाई गई। इसके बाद 2 जून को आरोपी अपने दो साथियों के साथ कार से बलराम सरकार के घर पहुंचे। रात में पूजा-पाठ और कथित धार्मिक अनुष्ठान के दौरान उन्होंने घर से एक छोटा कलश निकालकर उसमें सोने जैसी चमकदार वस्तु दिखाई और उसे लाल कपड़े में बांध दिया, इसके साथ ही धमकी दी कि यदि उनकी अनुमति के बिना कलश खोला गया तो परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाएगी, यहीं से ठगी का दूसरा चरण शुरू हुआ। आरोपियों ने दावा किया कि सोना पूरी तरह बाहर निकालने के लिए नव जीवन अमृत भस्म की आवश्यकता होगी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कहने पर भी आरोपियों ने दो ग्राम दवा खरीदने ▶▶| शेष पेज 11 पर





#### सोना निकालने का झांसा देने वाले 6 को भेजा गया जेल

सोना निकालने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में 6 आरोपियों नागपुर जिले के थाना मोहपा अंतर्गत भोला गवते पिता पिसाराम गवते उम्र 40 वर्ष निवासी नांदीखेड़ा, मुकेश सोनेष्वर पिता पिसाराम सोनेष्वर उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नं.1, परसोडी, लिलाधर शिवाजी वाघमारे उर्फ निलेश पिता शिवाजी वाघमारे, उम्र 35 वर्ष निवासी शंकरपट, दिनेश सोनेष्वर पिता ईष्वर सोनेष्वर उम्र 30 वर्ष निवासी देशमुख खैरी, और परमेष्वर एकनाथ उर्फ देवा पिता पिसाराम एकनाथ उम्र 37 वर्ष निवासी सेलू थाना कणमेष्वर और गढ़चिरौली के गोसाई मुहल्ला वार्ड क्रमांक 02 नवेगांव निवासी शिवागिरी पिता सुरेश गिरी उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार करते हुए जेल की सलाखों में भेजा गया।

#### आरोपियों से बरामद सामग्री

आरोपियों भोला गवते से 70 रुपए एवं पिकअप वाहन, मुकेश सोनेश्वर से 76 हजार रुपये, शिवा से 50 हजार रुपये, दिनेश से 1 लाख रुपये, निलेश से 1 एक लाख रुपये, देवा से 1लाख रुपये, इस तरह कुल 4 लाख 96 हजार रुपए नकद जब्त किया गया।

#### कार्रवाई में यह रहे शामिल

कार्रवाई में निरीक्षक रामचन्द्र साहू थाना प्रभारी बांदे, प्रशिक्षु उप निरीक्षक विवेक वर्मा, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक सूर्यदेव कुंजाम, आरक्षक यशवंत मंडावी, नरोत्तम कुलदीप तथा सायबर सेल कांकेर से निरीक्षक यशवंत श्याम, प्रधान आरक्षक नारद सिंह देवांगन, आरक्षक जितेन्द्र नाग एवं भूपेश नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बिजली सेवाओं को लेकर उपभोक्ताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बिजली केवल सुविधा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। इसी सोच को मजबूत करने के उद्देश्य से कांकेर संभागीय कार्यालय में आयोजित विद्युत उपभोक्ता जागरूकता बैठक में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, दायित्वों और सुरक्षित विद्युत उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याएं भी सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

संभागीय कार्यालय में 30 जून को आयोजित जागरूकता बैठक में मुख्य अतिथि की आसंदी से विद्युत उपभोक्ता फोरम, जगदलपुर के अध्यक्ष पीआर साहू ने कहा कि समय पर बिजली बिल का भुगतान, विद्युत का सुरक्षित एवं मितव्ययी उपयोग तथा अनधिकृत बिजली उपयोग से बचना प्रत्येक उपभोक्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि विद्युत संबंधी किसी भी शिकायत के त्वरित और उचित निराकरण के लिए विभाग ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ समस्याओं के समाधान का मिला भरोसा



#### संवाद कायम करने का लिया संकल्प

विभागीय अधिकारियों ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए आवश्यक कार्रवाई और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी उपभोक्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार की जागरूकता बैठकों का नियमित आयोजन कर उपभोक्ताओं और विभाग के बीच बेहतर संवाद एवं विश्वास कायम रखने का संकल्प लिया गया।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444



PURNIMA HOSPITAL
पूर्णिमा हॉस्पिटल
भीरावाही, कांकेर
किडनी एवं कैंसर केयर सेंटर
प्राइवेट सेक्टर-कांकेर शहर की एक मात्र (किडनी) डायलिसिस एवं (कैंसर) कीमोथेरेपी की सुविधा
उपलब्ध सुविधाएं
• आपातकालीन सुविधा 24 घंटो
• आई सी यू
• पैथोलॉजी
• एक्स-रे
• एम्बुलेंस
• वेंटीलेटर
• डायलिसिस
• मेडिकल शॉप
• कैंटीन
• इम्यूनोथेरेपी
• कैंसर
• स्क्रीनिंग
• बायोप्सी FNAC
• ट्यूमर मार्कर
• कीमोथेरेपी
आयुष्मान योजना के अंतर्गत डायलिसिस, आईसीयू एवं कीमोथेरेपी की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है।
नोट: 50 किलोमीटर तक मरीजों को आपातकालीन स्थिति में हॉस्पिटल तक लाने की नि:शुल्क सुविधा।
ये सभी प्रकार के जांच की सुविधा अनुभवी कैंसर विशेषज्ञों के द्वारा की जाती है।
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :
8103712577, 9302557234
भीरावाही, जिला-कांकेर (छ.ग.)



# National Doctors Day...



“ सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता का अदभुत संगम हैं हमारे चिकित्सक, जो हर मुश्किल बनते हैं उम्मीद की किरण ”

## डॉ. रॉय को यादगार के रूप में मनाते है डॉक्टर्स-डे

डॉ. बिधान चन्द्र रॉय पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री होने के साथ ही प्रसिद्ध और किंवदंती चिकित्सक को सम्मान देने के लिए 1 जुलाई को पूरे भारत भर में हर वर्ष राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस मनाया जाता है। भारत में ये एक महान रीति है जो अपने महत्वपूर्ण भूमिका और जिम्मेदारी के साथ ही हर एक के जीवन में चिकित्सक की वास्तविक जरुरत को पूरा करने में मदद करती है। डॉक्टर्स की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के बारे में आमजन को जागरुक करने के लिए इस जागरुकता अभियान का वार्षिक उत्सव मदद करता है।

इस दिन देश में डॉ. बिधान चंद्र रॉय के कार्यों एवं उनके सामाजिक प्रतिबद्धताओं को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता हैं। भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एक बड़ा जागरुकता अभियान है, जो सभी को मौका देता है। डॉक्टरों की भूमिका, महत्व और जिम्मेदारी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही साथ चिकित्सीय पेशेवर को इसके नजदीक आने और अपने पेशे की जिम्मेदारी को समर्पण के साथ निभाने के लिए प्रोत्साहित करता है। संपूर्ण चिकित्सीय पेशे के लिए सम्मान प्रकट करने के लिए डॉ. बिधान चन्द्र रॉय की याद में इस दिन को मनाया जाता है।

दवा और दुआ का जो बेजोड़ संगम लाते हैं
गिरते हुए हौसलों को जो फिर से जगाते हैं
भगवान तो नहीं हैं वो इस जमीं पर
फरिश्ता बनकर जो जिंदगी बचाते हैं।

**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस**
की हार्दिक शुभकामनाएँ...



**डॉ. आर. सी. ठाकुर**
सी.एम.एच.ओ
कांकेर

बीमारी के अंधेरे में जो उम्मीद की किरण दिखाते हैं,
अपने जादू से जो हर दर्द को मिटाते हैं,
प्रणाम है ऐसे सभी डॉक्टरों को आज,
मुस्कुराकर जो दूसरों की जान बचाते हैं।

**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस**
की हार्दिक शुभकामनाएँ...



**डॉ. विमल भगत**
संयुक्त संचालक,
सह अस्पताल अधीक्षक कांकेर

ईश्वर हमें जीवन देते हैं
लेकिन उस जीवन को सुरक्षित
और स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी
डॉक्टरों की होती है।

**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस**
की हार्दिक शुभकामनाएँ...



**डॉ. किशोर ध्रुव**
जिला क्षय नियंत्रण
अधिकारी

संसार में डॉक्टर ही एक ऐसा इंसान है
जिसे हर कोई रोते हुए मिलता है
लेकिन वह सबको
हंसाकर विदा करता है।

**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस**
की हार्दिक शुभकामनाएँ...



**डॉ. सुनील सोनी**
नोडल अधिकारी
राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम




आपकी सेवा, हमारी विश्वास

**धन्यवाद डॉक्टर साहब**

आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता

सौजन्य

- राठौर मेडिकल स्टोर
- शीतला मेडिकल स्टोर,
- लक्ष्मी मेडिकल स्टोर
- विनायक मेडिकल स्टोर, कांकेर



डॉ अनामिका जायसवाल-डॉ राजीव जायसवाल
डायरेक्टर - श्रीराम हॉस्पिटल, कांकेर

# एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत खरीफ किसान संगोष्ठी का आयोजन

## कृषि विभाग ने दी आगामी कार्य योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कृषि विभाग की एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत विनायकपुर में खरीफ किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खरीफ फसल कार्ययोजना, बीज उत्पादन कार्यक्रम, बीजोपचार की विधि, शैलो नलकूप खनन, लैम्पसों में बीज एवं उर्वरक भंडारण-वितरण तथा डीएपी के स्थान पर 20.20.0.13 एवं 12.32.16 उर्वरकों के उपयोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डॉ. खूबचंद बघेल पुरस्कार सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई।

संगोष्ठी में किसानों के समक्ष 17 प्रतिशत नमक घोल उपचार का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया। उन्नत कृषि तकनीकों, नई फसल किस्मों, जैविक खेती तथा खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों की आधुनिक उत्पादन तकनीकों पर विस्तार से बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर के वस्तु विशेषज्ञ उपेन्द्र कुमार नाग ने जैविक खेती एवं जैविक खाद के उपयोग और उसके लाभों पर किसानों को मार्गदर्शन दिया। संगोष्ठी में पशुपालन विभाग के अधिकारी ने केंद्र प्रवर्तित योजनाओं, पशुओं के नियमित टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान, उद्यानिकी विभाग द्वारा समेकित उद्यानिकी विकास योजना, ऑयल पाम की लाभकारी खेती, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, टपक सिंचाई योजना तथा मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य पालन एवं किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जिला प्रबंधक ने किसानों को फसल बीमा योजना संबंधी जानकारी दी।



### ये रहे उपस्थित

*आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच जैनबती कोला, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी महात्मा तरेता, कृषि विकास अधिकारी मनोज कुमार सरकार, उद्यान अधीक्षक नारायण मुखर्जी, सहायक मत्स्य अधिकारी कांतिलाल कोर्राम, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर फसल बीमा अशोक कुमार साहू सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं कृषकगण मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### डाकघर कार्यालय में पेंशन अदालत 7 को

**जगदलपुर।** अगले सप्ताह 7 जुलाई को दोपहर 12 बजे से अधीक्षक डाकघर कार्यालय में पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डाकघर से सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी जिन्हें पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन प्राप्त हो रही है। उनकी समस्या के निपटान की कार्रवाई की जाएगी। जिन पेंशनधारी प्रधान डाकघर जगदलपुर एवं कांकेर में 6 जुलाई तक पेंशन अदालत में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### ब्राह्मण समाज ने उठाई न्याय की मांग, राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** बिहार में भरत तिवारी की हत्या के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज भानुप्रतापपुर ने राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज ने घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए आरोपित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की और साथ ही मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं न्याय दिलाने की मांग भी की गई। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले व्यक्ति की हत्या बेहद निंदनीय है तथा दोषियों को शीघ्र कठोर दंड मिलना चाहिए।

### भाजपा की डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म की हुई बैठक



**केशकाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम के निवास में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की बैठक हुई। बैठक में संगठन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने तथा प्रशिक्षण को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय पोया ने मंडलों में डीएलपी की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि डिजिटल युग में प्रत्येक कार्यकर्ता का तकनीकी रूप से सक्षम होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो में कार्य शेष है, वहां इसे शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक प्रशिक्षण किया जाए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यकर्ताओं को आधुनिक एवं तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## दो साल जहां गूंजता रहा विरोध, वहीं अब गूंज रही मशीनों की आवाज

# बेचाघाट पुल निर्माण ने पकड़ी रफ्तार विधायक विक्रम ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- नक्सली विरोध और आंदोलन के कारण रुका था निर्माण कार्य

जिले के संवेदनशील क्षेत्र में स्थित बहुप्रतीक्षित बेचाघाट पुल का निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। करीब दो वर्षों तक नक्सलियों के विरोध और उनके प्रभाव में चलाए गए आंदोलन के कारण यह महत्वपूर्ण परियोजना अधर में लटकी रही। अब नक्सलियों के समर्पण के बाद निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है, जिससे क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। विधायक विक्रम उसेंडी ने निर्माणधीन पुल का जायजा लिया और संवाद भी किया।

अंतागढ़ क्षेत्र के विधायक विक्रम उसेंडी ने निर्माण स्थल पहुंचकर पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से चर्चा कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होने कहा कि सरकार दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुल निर्माण कार्य निर्धारित समय में और बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा।



### बरसात के दिनों में आवागमन होगा सुगम

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनने से बरसात के दिनों में आवागमन की समस्या काफी हद तक समाप्त होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी। इस पुल के बन जाने से कांकेर जिला का अबूझमाड़ से सीधा संपर्क साबित हो जाएगा।

बेचाघाट पुल का निर्माण शुरू होना केवल एक निर्माण परियोजना की शुरुआत नहीं, बल्कि उन ग्रामीणों के लिए नई उम्मीद का प्रतीक है, जो वर्षों से बेहतर सड़क संपर्क और सुरक्षित आवागमन की प्रतीक्षा कर रहे थे। पुल के पूरा होने के बाद क्षेत्र की तस्वीर बदलने की उम्मीद जताई जा रही है।

गौरतलब है कि बेचाघाट पुल का निर्माण पिछले दो वर्षों से लगातार विवादों में रहा। नक्सलियों के आह्वान पर सैकड़ों ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था। इतना ही नहीं, देश की राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों से कुछ बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता भी आंदोलन में शामिल होने पहुंचे थे। आंदोलन के चलते निर्माण कार्य पूरी तरह ठप हो गया था और क्षेत्र के लोगों को आवागमन की भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। हाल के महीनों में क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में सुधार और अधिकतम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद प्रशासन ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को फिर से शुरू कराया। अब निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# कुरना में हर्षोल्लास के साथ मनाया शाला प्रवेशोत्सव तिलक- चंदन लगाकर बच्चों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- नि:शुल्क गणवेश और पाठ्यपुस्तकों का वितरण

विकासखंड नरहरपुर के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुरना में मंगलवार को नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा बाई जुर्री ने की। इस अवसर पर नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों का तिलक-चंदन लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क गणवेश और पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान अध्यापक जीवन लाल कुंजाम ने कहा कि नया शिक्षा सत्र बच्चों के लिए नई संभावनाओं का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने और पूरी मेहनत से अध्ययन करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे मजबूत आधार है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रधान अध्यापक ने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और घर पर उनकी पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यालय और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में शिक्षक गैंदलाल सलाम, दिव्येंदु मंडल, अखिलेश कुमार नामदेव, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष डिगेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष टिलेश्वरी साहू, समिति सदस्य, अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डिजिटल युग में जनसंपर्क का सशक्त माध्यम बनेगा सोशल मीडिया : विधायक आशाराम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- जनहित से जुड़े संवाद को मजबूत बनाने के संबंध में प्रशिक्षण

ग्राम बेवरती स्थित विधायक कार्यालय में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म एवं सोशल मीडिया प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग, सोशल मीडिया की भूमिका तथा जनहित से जुड़े संवाद को मजबूत बनाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में प्रभावी संवाद और सकारात्मक जनसंपर्क का महत्व लगातार बढ़ रहा है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और संगठन की गतिविधियों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक तथ्यात्मक एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्ण, सकारात्मक और जनहित के उद्देश्य से उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया केवल सूचना प्रसारित करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में जागरुकता बढ़ाने और लोगों से सीधे जुड़ने का सशक्त मंच भी है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर डिजिटल संचार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण अभियान संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा तथा समाज में सकारात्मक और रचनात्मक संवाद को नई दिशा प्रदान करेगा। इस दौरान राजीव लोचन, डॉ. देवेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण कमलेश उसेंडी, हीरा मरकाम एवं अन्य उपस्थित रहे।

## कोदोभाट में प्रधानमंत्री आवास के लिए ग्रामसभा

**केशकाल।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2.0 के तहत पात्र हितग्राहियों के चयन हेतु ग्राम कोदोभाट, ग्राम पंचायत कोदोभाट, थाना केशकाल में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सरपंच कृति सिन्हा एवं पंचायत सचिव लोकेश्वरी पांडे की उपस्थिति में आयोजित बैठक में 100 से अधिक ग्रामीण महिला-पुरुषों ने भाग लिया। बैठक में वर्ष 2011 की एसईसीसी सूची एवं नवीन सर्वे के आधार पर पात्र-अपात्र परिवारों की सूची का वाचन किया गया। ग्राम सभा में कच्चे/जर्जर मकानों में निवासरत, भूमिहीन मजदूर, विधवा एवं दिव्यांग परिवारों को प्राथमिकता देते हुए नाम तय किए गए। जिन पात्र ग्रामीणों के नाम सूची से छूट गए थे, उन्होंने मौके पर ही दावा-आपत्ति प्रस्तुत की। सभी दावों को ग्राम सभा प्रस्ताव रजिस्टर में दर्ज कर अनुमोदन हेतु जनपद पंचायत कोंडागांव भेजने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस अवसर पर उपसरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**हर पात्र परिवार को पक्का आवास** :सरपंच कृति सिन्हा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, शासन की मंशानुसार 2027 तक हर पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की जा रही है। पीएम आवास योजना पूर्णतः निःशुल्क है। यदि कोई भी व्यक्ति नाम जोड़ने के लिए पैसे की मांग करता है तो तत्काल शिकायत दर्ज कराएं।

# दो साल से एक शिक्षक के भरोसे चल रही हल्बापारा मिचेसुखई प्राशा, सहायक शिक्षक के लिए उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

- पहली से पांचवीं तक 21 विद्यार्थी स्कूल में हैं अध्ययनरत



विकासखंड के संकुल केंद्र मर्रामपानी अंतर्गत शासकीय प्राशा हल्बापारा मिचेसुखई पिछले दो वर्षों से शिक्षक की कमी से जूझ रही है। विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक कुल 21 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन पूरे विद्यालय का संचालन केवल एक शिक्षक के भरोसे किया जा रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई और शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

समस्या के समाधान की मांग को लेकर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति तथा ग्रामवासियों ने मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंपकर तत्काल एक सहायक शिक्षक की पदस्थापना करने की मांग की। सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक एवं पूर्व सरपंच जगतराम दुग्गा ने बताया कि एक शिक्षक को सभी पांच कक्षाओं का संचालन करना पड़ रहा है, जिससे विद्यार्थियों को समुचित शिक्षण नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि कुछ माह पहले व्यवस्था के तहत सहायक शिक्षक राम कुमार कोमरे की पदस्थापना की गई थी, लेकिन वे पिछले चार-पांच माह से विद्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को पहले भी दी जा चुकी है, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। शाला प्रबंधन समिति ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में भी शिक्षक की कमी बनी हुई है, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। समिति ने शिक्षा विभाग से शीघ्र नियमित सहायक शिक्षक की नियुक्ति कर अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था सुचारु करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रेमलाल खरे, सोमलाल, बुधियारिन बाई, हिरमो बाई, प्रतिमा खरे सहित समिति के सदस्य एवं ग्रामीण शामिल रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जनदर्शन में 26 आवेदन मिले, सीईओ ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके समयबद्ध निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनदर्शन में माकड़ी निवासी ललेंद्र कुमार साहू ने राशन कार्ड, घोड़ागांव के सरपंच ने विद्युत समस्या तथा मुलमुला निवासी दिनेश देवांगन ने लंबित मजदूरी/कार्य भुगतान को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। जुगानी कैम्प के किसानों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाकर आवागमन बहाल करने की मांग की। वहीं बिंजोली निवासी चनूलाल बघेल ने विद्यालय में शिक्षक की नियुक्ति और एहरा निवासी फोहड़ूराम ने हैंडपंप स्थापना के लिए आवेदन दिया। सीईओ अविनाश भोई ने सभी विभागीय अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पेज 09 के शेष...

### घर में गड़ा...

का दबाव बनाया। भय और अंधविश्वास के चलते पीड़ित ने 4 लाख 44 हजार रुपये देकर उक्त दवा खरीदी और आरोपियों के निर्देशानुसार उसे पूजा स्थल पर बने गड्ढे में डाल दिया। कुछ दिनों बाद जब आरोपी तीन ग्राम अतिरिक्त दवा खरीदने के लिए लगातार दबाव बनाने लगे तो पीड़ित को संदेह हुआ। उसने साहस जुटाकर कलश खोला तो उसमें रखी 21 सोने जैसी मूर्तियां घिसने पर पीतल की निकलीं। इसके बाद उसे एहसास हुआ कि उसके साथ पांच लाख रुपये की ठगी हो चुकी है। उसने तत्काल थाना बांदे पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### बिजली सेवाओं को ...

हमेशा तत्पर है तथा उपभोक्ताओं से विभाग के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने का आग्रह किया। संभागीय कार्यालय कांकेर के कार्यपालन अभियंता उमेश ठाकुर ने अध्यक्षता की आसंदी से कहा कि उपभोक्ताओं की सहभागिता से ही विद्युत सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। आयोजित बैठक में सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा विद्युत उपभोक्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उपभोक्ताओं ने बिजली आपूर्ति, बिलिंग, रखरखाव और अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़े सुझाव एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं।

## खबर संक्षेप

### संगठन को डिजिटल बनाने पर हुआ मंथन



**बस्तर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भानपुरी की मंडल स्तरीय डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म कार्यशाला भाजपा कार्यालय भानपुरी में सम्पन्न हुई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता रामाश्रय सिंह ने डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। मंडल प्रभारी नरसिंह राव ने मंडल का परिचयात्मक सत्र लेकर संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार रखे। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान, छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष विजय पांडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य बृजेश शर्मा, वीरेंद्र जोशी, मंडल उपाध्यक्ष भास्कर जोशी, मंडल महामंत्री तुलसु राम कश्यप, खेमेश्वर पांडे, मंत्री रमेश दीवान, कांति कश्यप सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सीजरलाल दीवान, हरदेव बघेल, फकीर कश्यप, असगर खान, जागेश्वर ठाकुर, गणेश सेठिया, रमेश कश्यप, महेंद्र पनिग्राही, सुनील कश्यप, लछीन कश्यप, खुलेश्वर कश्यप, प्रताप कश्यप उपस्थित रहे। इसके साथ ही जनपद सदस्य गौरव कश्यप, रायधर दीवान, महिला मोर्चा अध्यक्ष जमुना कश्यप, महामंत्री फूलमती बंछोर, राधिका यादव, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर कश्यप, सोशल मीडिया प्रभारी घनश्याम चौहान, सहित शक्ति केंद्रों के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 8 वर्ष में 20 हजार लोगों के आंखों का ऑपरेशन कर दी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किसी अस्पताल की सफलता का मूल्यांकन केवल उसकी इमारत, उपकरणों या बजट से नहीं किया जा सकता। उसका वास्तविक मूल्यांकन

■ डॉ. सरिता थॉमस ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अलग पहचान बनाई

उस भरोसे से होता है, जो एक मरीज अपने इलाज के लिए वहां पहुंचते समय लेकर आता है। यह भरोसा वर्षों में बनता है और कभी-कभी एक व्यक्ति की प्रतिबद्धता उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचा देती है। बस्तर के महारानी अस्पताल की नेत्र चिकित्सा सेवाओं की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। अक्टूबर 2018 में जब डॉ. सरिता थॉमस ने यहां अपनी जिम्मेदारी संभाली, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले वर्षों में यह अस्पताल नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। परिवर्तन किसी एक दिन में नहीं आया। वह धीरे-धीरे ऑपरेशन



थिएटर में, मरीजों की मुस्कान में, बढ़ते विश्वास में और बेहतर होते परिणामों में दिखाई देने लगा। आज 20 हजार से अधिक सफल नेत्र शल्य चिकित्सां केवल एक उपलब्धि नहीं हैं। डॉ. थॉमस की पहचान केवल उनके शल्य कौशल से नहीं बनती। उनके सहयोगी उन्हें अनुशासित प्रशासक, मरीज उन्हें संवेदनशील चिकित्सक और समाज उन्हें एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में देखता है जिसने सेवा को अपने पेशे का मूल आधार बनाया। इसी योगदान के लिए उन्हें डॉ. सुभाष मिश्रा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। सरकारी क्षेत्र की महिला चिकित्सक के रूप में यह सम्मान प्राप्त करना उनके कार्य की गुणवत्ता और निरंतरता का महत्वपूर्ण प्रमाण है। शायद उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि कोई पदक नहीं है, सबसे बड़ा सम्मान एवं विश्वास है।

### गुणवत्ता को लक्ष्य नहीं आदत बना लिया

बताया जा रहा है कि सरकारी अस्पतालों के बारे में अक्सर यह धारणा बनाई जाती है कि वहां उत्कृष्टता अपवाद है, लेकिन महारानी अस्पताल ने इस सोच को चुनौती दी। डॉ. थॉमस के नेतृत्व में अस्पताल ने पहली बार ऐसे सम्मान अर्जित किए, जो पहले कभी उसकी झोली में नहीं आए थे। यह केवल पुरस्कारों की कहानी नहीं थी, यह उस कार्य संस्कृति की कहानी थी, जिसमें गुणवत्ता को लक्ष्य नहीं, आदत बना लिया गया। फिर दुनिया ने कोविड-19 का सबसे कठिन दौर देखा। अस्पतालों पर अभूतपूर्व दबाव था। अनेक स्थानों पर सामान्य चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो गईं। लेकिन बस्तर में एक निर्णय लिया गया, जिन मरीजों की दृष्टि बचाई जा सकती है, उनका इलाज रुकना नहीं चाहिए। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए नेत्र शल्य चिकित्सा जारी रही।

## 170 किलोमीटर दूर नक्सलमुक्त गांव पहुंचीं राज्य महिला आयोग सदस्य

# ग्रामीणों के बीच बैठकर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कभी दुर्दांत नक्सली कमांडरों के प्रभाव और नक्सली गतिविधियों के कारण भय का पर्याय रहा सुकमा जिले का ग्राम पंचायत पालाचलमा अब नक्सलमुक्त होकर विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है।

जिला मुख्यालय से लगभग 170 किलोमीटर दूर दुर्गम पहाड़ियों

■ बिजली का इंतजार, पुराने खंभे आज भी गवाह

के बीच बसे इस गांव में पहली बार राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं अधिवक्ता दीपिका शोरी पहुंचीं। ग्रामीणों ने पारंपरिक लोकनृत्य, ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। स्थानीय आराध्य देवी माता मुतेलम्मा मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। दीपिका शोरी ने औपचारिक कार्यक्रम के



बजाय गांव के पुजारी, पेरमा, पटेल, सरपंच, पूर्व सरपंच, महिलाओं और युवाओं के साथ जमीन पर बैठकर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि आज के नक्सलमुक्त वातावरण और पहले के हालात में क्या अंतर महसूस होता है। ग्रामीणों ने कहा कि पहले भय का माहौल था, जबकि अब वे खुलकर अपनी समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंचा पा रहे हैं और यही वास्तविक आजादी का अनुभव है।

ग्रामीणों ने बताया कि आज भी उन्हें राशन लेने के लिए 9 किलोमीटर दूर किस्टाराम जाना पड़ता है। उन्होंने गांव में उचित मूल्य की दुकान खोलने की मांग की। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि वर्ष 2009 के आसपास नक्सलियों द्वारा आश्रमशाला, आंगनबाड़ी और अन्य शासकीय भवनों को नुकसान पहुंचाया गया था, जिसके कारण आज भी सौ से अधिक बच्चों को दूरस्थ क्षेत्रों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है।

उन्होंने गांव में पुनः आश्रमशाला शुरू करने की मांग रखी। ग्रामीणों ने बिजली की समस्या को सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि किस्टाराम से पालाचलमा मार्ग पर वर्षों पुराने बिजली के खंभे आज भी खड़े हैं, लेकिन गांव तक बिजली नहीं पहुंची है। ग्रामीण चाहते हैं कि उनके घरों में भी रोशनी पहुंचे और बच्चों को बेहतर माहौल में पढ़ाई का अवसर मिले।

398 प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का सर्वे पूरा पंचायत सचिव ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गांव के 398 पात्र हितग्राहियों का सर्वे पूरा हो चुका है। आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद स्वीकृति जारी की जाएगी, जिससे पात्र परिवारों को पक्के आवास का लाभ मिल सकेगा। दौरे के दौरान दीपिका शोरी ने गांव में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### विकास का दिलाया भरोसा

दीपिका शोरी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता नक्सलमुक्त क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता से किया जा रहा है तथा पालाचलमा जैसे गांवों को विकास के नए मॉडल के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। सामाजिक जागरूकता और अपनी संस्कृति से जुड़े रहने की अपील के साथ अपने संवाद के दौरान गांव में कुछ परिवारों के धर्म परिवर्तन की जानकारी मिलने पर उन्होंने ग्रामीणों से अपनी परंपरा, संस्कृति और सामाजिक पहचान को बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है और संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार एवं योजनाओं का लाभ समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार के बहकावे में न आने, सामाजिक एकता बनाए रखने तथा जो लोग अलग हो गए हैं उनसे भी समाज और अपनी मूल परंपराओं से पुनः जुड़ने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है।

## सांसद ने सरल ऐप का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा ब्लॉक स्थित कामानार के मितानिन सभागार में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सांसद महेश कश्यप ने कार्यकर्ताओं को सरल ऐप पर डिजिटल लर्निंग का प्रशिक्षण दिया और संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत मां सरस्वती और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से पार्टी के कार्यों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। सरल ऐप का उपयोग कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, बैठकों, अभियानों और रिपोर्टिंग जैसी गतिविधियों के डिजिटल प्रबंधन के लिए किया जाता है। सांसद ने बैठक में कहा कि बदलते समय के साथ संगठन को तकनीक के अनुरूप कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरल ऐप का नियमित उपयोग करने और डिजिटल माध्यम से संगठन की गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सरल ऐप पर लॉगिन करने, प्रोफाइल अपडेट करने, कार्यक्रमों की रिपोर्ट अपलोड करने और डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल का उपयोग करने की जानकारी दी गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ स्तर की गतिविधियों और सदस्यता से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई जिसमें कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। इस अवसर पर मंडल प्रभारी लखीधर बघेल, मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम, जनपद अध्यक्ष मानक दई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश, जिला सदस्य सम्पति नाग सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने किया ग्रामीण बैंक का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी शंकर लाल सिन्हा ने ग्रामीण बैंक में लगातार मिल रही अनियमितताओं और उपभोक्ताओं की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए बैंक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक में भारी गड़बड़ियां उजागर हुईं, जिस पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए शाखा प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिए और व्यवस्था सुधारने के आदेश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं की शिकायतें, बैंक में खातों के संचालन, केवाईसी अपडेट करने और समय पर लेन-देन न होने को लेकर उपभोक्ताओं ने एसडीएम से शिकायत की थी। निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों पर कर्मचारियों के नदारद मिलने या आमजन के कार्यों में हीला-हवाली करने की बात सामने आई है।

मौके पर मौजूद बैंक प्रबंधक को फटकार लगाते हुए एसडीएम ने साफ तौर पर कहा कि बैंकिंग सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपभोक्ताओं के काम तय समय पर पूरे होने चाहिए। दूर दराज से आये खाताधारियों को घंटो इंतजार करना पड़ता है जिससे सही समय पर उन्हें पैसे नहीं मिल पाता है।



## प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार विगत दिवस प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनन्त दीप तिर्की ने जिला जेल दंतेवाड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ने

■ बंदियों की समस्याएं सुनीं और विधिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जेल परिसर, बैरकों तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने बैरकों, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनका जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल में निरुद्ध बंदियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। बंदियों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों एवं समस्याओं का मौके पर ही यथासंभव निराकरण किया गया तथा उन्हें उपलब्ध विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जेल नियमावली के अनुरूप सभी बंदियों को विधिक सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें अपने प्रकरणों की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे अपने अधिवक्ताओं से नियमित रूप से मिलकर प्रभावी पैरवी कर सकें।

साथ ही सभी बंदियों को निर्धारित पेशी तिथियों पर संबंधित न्यायालय में समय पर प्रस्तुत किए जाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जेल में संचालित साक्षरता कार्यक्रम की सराहना करते हुए निरक्षर बंदियों को शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## धरमपुरा में संचालित होगा ग्रामीण बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय अब नए स्थान पर नवीनीकृत भवन में संचालित होगा। शहर के धरमपुरा पीजी कॉलेज के सामने स्थित नवीन परिसर का उद्घाटन मंगलवार को बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार अरोरा ने किया। उद्घाटन के उपरांत

■ ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प पर बल

अध्यक्ष ने नवनिर्मित भवन का विस्तृत निरीक्षण कर कार्यालय, स्वीकृत सुविधाओं और ग्राहकों के लिए किए गए संसाधनों का जायजा लिया। समारोह में बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिनमें क्षेत्रीय प्रबंधक, जगदलपुर मोहित सिंघल, वरिष्ठ प्रबंधक (परिचालन) वेदप्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (अग्रिम) नंदलाल यादव तथा क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी शामिल थे। इसके अतिरिक्त स्थानीय शाखाओं के शाखा प्रबंधक, सेवानिवृत्त कर्मचारी, तथा अनेक स्थानीय ग्राहक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अतिथियों ने बैंक के प्रयासों की प्रशंसा की और नये परिसर के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प पर बल दिया। ग्राहकों के लिए अलग काउंटर व प्रतीक्षा क्षेत्र, जिससे समय पर और सुव्यवस्थित सेवा संभव होगी। यहां समेकित कार्यालय कक्ष और बैठक-हॉल का प्रावधान भी रखा गया है, जो कि प्रशिक्षण और क्षेत्रीय बैठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। यहां स्थापित डिजिटलीकृत सेवाएँ, पहुंच और पार्किंग सुविधाएँ ग्राहकों-कर्मचारियों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

### कर्मचारियों को किया प्रेरित

मुख्य अतिथि ने कहा कि बेहतर भौतिक संरचना और डिजिटल संसाधनों के संयोजन से क्षेत्रीय कार्यालय की गतिविधियों में तेजी आएगी जिसका ग्राहकों को भी लाभ होगा। उत्कृष्ट ग्राहक सेवा बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नए भवन के अनुकूल सेवाओं के विस्तार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, मोबाइल बैंकिंग जागरूकता शिविर और स्थानीय शाखाओं के साथ समन्वय बढ़ाने के कदम शीघ्र आयोजित किए जाएंगे।

## सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक सिन्हा का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों तक समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देने वाली शासकीय माध्यमिक शाला कलारपारा, मैलावाड़ा की प्रधान अध्यापक राज लक्ष्मी सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर

■ कर्तव्यनिष्ठ सेवा को सम्मानपूर्ण विदाई : कलेक्टर

कलेक्टोरेट में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार धुरव ने राज लक्ष्मी सिन्हा को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं तथा उनकी वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवाएं सदैव प्रेरणादायी रहेंगी। प्रशासन की संवेदनशील एवं कर्मचारी हितैषी पहल के तहत कलेक्टर ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर ही राज लक्ष्मी सिन्हा को पेंशन भुगतान आदेश (पी.पी.ओ.) भी प्रदान किया, ताकि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन संबंधी प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उनके नवीन जीवन की शुरुआत सहज एवं सम्मानजनक ढंग से हो सके।

इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज लक्ष्मी सिन्हा के दीर्घ, समर्पित एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भदौरिया, एबीईओ मनोज कुमार सिंह राठौर, अकाउंटेंट जितेंद्र पाण्डे उपस्थित थे।

### बिना अनुमति अवकाश और मुख्यालय छोड़ने पर रोक

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी मानसून सत्र को देखते हुए जिला प्रशासन बीजापुर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर बीजापुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार 13 से 17 जुलाई तक आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नोत्तर से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जाएंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। साथ ही, किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में बुलाए जाने पर उन्हें कार्यालयीन समय के बाद तथा अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में उपस्थित रहना होगा।

## आश्रम व छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश व चयन को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल ब्लॉक में संचालित आश्रम एवं छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के प्रवेश एवं चयन को लेकर जनपद पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें चित्रकोट विधायक विनायक गोयल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, जनपद अध्यक्ष रामबत्ती भंडारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पात्र छात्र-छात्राओं के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। जनप्रतिनिधियों ने निर्देश दिए कि आश्रम एवं छात्रावासों में प्रवेश देते समय ब्लॉक के स्थानीय बच्चों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा एवं आवासीय सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर तोकापाल एसडीएम शंकर लाल



सिन्हा, सीईओ तोकापाल नीलू तिर्की, बीईओ. अजय शर्मा, जनपद सदस्य पद्मनी कश्यप अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता के साथ चयन किया गया। मण्डल सयोजक गिरधर कश्यप ने कार्यक्रम का आयोजन किया। एक जुलाई से बच्चों को आश्रम एवं छात्रावास में आने हेतु स्वागत किया गया। सहयोगी के रूप में संतोष कोर्राम, किशोर टेकाम, सुबोध तिग्गा, जयराम मौर्य, लम्बोधर, प्ररऊ कश्यप, संगीता, शान्ति, मंजू ने छात्र -छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

## साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पुलिस मुख्यालय के आदेश के पालन में जवांगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति एवं सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही नए कानून संहिता पर विशेष कैंप लगाकर छात्रों को जानकारी दी गई।

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जून से अक्टूबर 2026 तक विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में जून के प्रथम सप्ताह से चतुर्थ सप्ताह तक स्कूल में न्याय संहिता कैंप का आयोजन किया गया। थाना अनुभाग स्तर पर कक्षा 8वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों को नए कानून संहिता के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में छात्रों को नए कानूनों की बारीकियों के साथ-साथ




साइबर जागरूकता पर भी अलग से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियां और ओटीपी शेयर करने के खतरों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सवाल-जवाब किए। पुलिस ने क्लास के माध्यम से बच्चों को नए कानूनों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया। छात्रों ने पुलिस द्वारा दी गई जानकारी को बेहद उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि नए कानून और साइबर अपराधों की जानकारी से वे खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकेंगे। छात्रों ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन, एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी गीदम निरीक्षक अमित बेरिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### इनकी रही अहम भूमिका

कार्यक्रम में एसआई राम कुमार श्याम, सहायक उप निरीक्षक अनिल धुर्वे, महिला प्रधान आरक्षक ललिता ध्रुव, प्रधान आरक्षक नथलू कवासी, दुखुराम पद्माकर, आरक्षक राजमान नाग, महिला आरक्षक लक्ष्मी कश्यप एवं रेशमी कँवर उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस





**डॉ. भेषज रामटेके**
बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अंतागढ़



**डॉ. ओ.पी. शंखवार**
बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चारामा



**डॉ. प्रशांत सिंह**
बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नरहरपुर



**डॉ. शशांक गुप्ता**
बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, धनेलीकन्हार



**डॉ. मनोज किशोरे**
बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दुर्गूकोंदल



**डॉ. संजीव कुमार वैष्णव**
बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पखांजूर



सफेद कोट में एक फरिश्ता रोज दिखता है, जो हर दिन जिंदगी से लड़ता है। मां की ममता, पिता का संबल बनकर, डॉक्टर हर घर का भगवान बनता है।

**डॉ. विनोद वैद्य**
जिला सलाहकार, राष्ट्रीय मिशन कांकेर



बीमारियों से लड़ने का हौसला आप देते हो, मुश्किल घड़ी में भी हिम्मत आप देते हो। डॉक्टर साहब, आप सिर्फ नाम के नहीं, असल मायनों में भगवान का काम करते हो।

**डॉ. एच.एस. विनोद**
आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी



हर बेहोशी से पहले वो जागते हैं, हर ऑपरेशन से पहले दुआ मांगते हैं। कितना भी कठिन हो मंजर, डॉक्टर कभी हार नहीं मानते हैं।

**डॉ. अनिल गौतम**
गौतम हॉस्पिटल, भानुप्रतापपुर



वो कलम से नहीं, धड़कनों से लिखते हैं किस्से, हर मरीज की जिंदगी में भरते हैं नये हिस्से। जिनके लिए सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, वो डॉक्टर हैं मानवता का सबसे सुंदर कर्म हैं।

**डॉ. युगल किशोर जैन**
पूर्णिमा हॉस्पिटल, भीरावाही, कांकेर




राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

# आस्था मेडिकोज

## जिला कांकेर

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज ने उठाई न्याय की मांग, राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** बिहार में भरत तिवारी की हत्या के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज भानुप्रतापपुर ने राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज ने घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए आरोपित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की और साथ ही मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं न्याय दिलाने की मांग भी की गई। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले व्यक्ति की हत्या बेहद निंदनीय है तथा दोषियों को शीघ्र कठोर दंड मिलना चाहिए।

### परिजनों को मिली 50 हजार की अनुग्रह सहायता



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय प्राशा सराधुघमरे में पदस्थ दिवंगत प्रधान पाठक आनंद राम जाड़े के आकस्मिक निधन के बाद शासन द्वारा स्वीकृत 50 हजार की अनुग्रह सहायता राशि उनके परिजनों को प्रदान की गई। खंड शिक्षा कार्यालय दुर्गुकोंदल में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे ने दिवंगत शिक्षक की धर्मपत्नी यमुना बाई जाड़े को सहायता राशि का चेक सौंपा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वर्गीय आनंद राम जाड़े के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए विभाग की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों पर करें कार्रवाई

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने समय–सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कायोंर् की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी शिकायतों का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण किया जाए। सीईओ ने बस्तर मुन्ने अभियान के तहत हितग्राहियों की जानकारी समय पर पोर्टल में दर्ज करने तथा जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों से शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने, लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

## नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पहार और मिठाई से हुआ स्वागत

# बासनवाही में शाला प्रवेश उत्सव ने बिखेरी नई ऊर्जा विधायक आशाराम ने दिया प्रेरणादायी संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत नगर में उत्साह, उमंग और प्रेरणा के माहौल के बीच हुई, जहां नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पहार और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों की मुस्कान, अभिभावकों का उत्साह और जनप्रतिनिधियों की प्रेरणादायी मौजूदगी ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर छात्राओं को साइकिल, विद्यार्थियों को गणवेश एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण अतिथियों ने किया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 30 जून मंगलवार को आयोजित नरहरपुर विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर अपने गांव, क्षेत्र और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और संस्कारों की आधारशिला है। जनपद पंचायत नरहरपुर के उपाध्यक्ष संजुगोपाल साहू ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रत्येक बच्चे का अधिकार बताते हुए विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बासनवाही की सरपंच बबिता वट्टी ने किया और उन्होने पालको से अपील किया कि अपने बच्चो को स्कूल जरूर भेंजे।

■ अभिभावकों ने रखी विद्यालय विकास की महत्वपूर्ण मांगें



### नवप्रवेशियों का स्वागत व सम्मान

विधायक आशाराम नेताम एवं अन्य अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर, पुष्पहार पहनाकर तथा मुंह मीठा कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अतिथियों ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिलें, विद्यार्थियों को गणवेश तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डीके भास्कर ने प्रत्येक मेधावी छात्रा को 5-5 हजार तथा पालक संघ अध्यक्ष भुवन भारती ने 1,051 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया, जिससे विद्यार्थियों का उत्साह और बढ़ गया।

### क्षेत्र के विद्यालयों का परिणाम रहा बेहतर

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने कहा कि बासनवाही क्षेत्र लगातार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर रहा है। उन्होंने बताया कि बासनवाही एवं साईमुंडा विद्यालय की छात्राओं ने हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। खंड शिक्षा अधिकारी एमन जैन ने शिक्षा विभाग की विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रेरित किया।

### अभिभावक ने रखी मांगें

अभिभावक संदीप द्विवेदी ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने विद्यालय के लिए नवीन हायर सेकेंडरी भवन, बोर खनन, प्रार्थना शेड निर्माण तथा खेल मैदान के समतलीकरण जैसी आवश्यक मांगों को भी प्रमुखता से रखा।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य पवन नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नकुल निषाद, हीरा मरकाम, टिकेश्वर सिन्हा, महेशदास, रामसागर मरकाम, बिहारीलाल सलाम, चन्द्रभान साहू, लोकनाथ साहू, पुनीतदास वैष्णव सहित विकासखंड के सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, जनप्रतिनिधि, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# तालाब में युवक की मौत पर गरमाई राजनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अलबेलापारा स्थित तालाब में 18 वर्षीय युवक की डूबने से हुई मौत के मामले ने अब राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर शहर ने घटना को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर मृतक के परिजनों को शीघ्र मुआवजा देने, निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

■ कांग्रेस ने मुआवजा और एफआईआर की उठाई मांग

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 23 जून को अलबेलापारा वार्ड स्थित तालाब में गहरीकरण एवं निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान रायपुर निवासी 18 वर्षीय जोसेफ जॉर्ज पिता फिलिप जॉर्ज तालाब के गहरे पानी में डूब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि तालाब में बिना समुचित सुरक्षा व्यवस्था के अत्यधिक गहरीकरण किया गया था और व्यवस्थित रूप से खोदे गए गहरे गड्ढों के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

ज्ञापन में कहा गया है कि यदि निर्माण स्थल पर आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए गए होते और कार्य की प्रभावी निगरानी की जाती, तो इस दुर्घटना को रोका जा सकता था।

इसलिए निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने वाले संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि मृतक के परिजनों को शीघ्र उचित मुआवजा प्रदान किया जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

**ये रहे उपस्थित :** ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष यासीन कराणी, लोमेंद्र यादव, राजेश भास्कर, सुनील गोस्वामी, रमेश गौतम, अजय रेणु, केडी मिश्रा, मुकेश तिवारी, चंद्रलोक सिंह, आलोक श्रीवास्तव, शेष गजबिये, टुकेश्वर साहू, लक्ष्मी सहारे, अमिता यादव मृतक के परिजन सरिता जोसेफ, गुंजन जोसेफ कुमारी बाई उपस्थित रहे।

# अवैध शराबः 4 तस्कर गिरफ्तार 67 लीटर महुआ लहान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

जिले में अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन उजियारा के तहत परतापुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 4 शातिर अवैध महुआ शराब विक्रेताओं को दबोचा और उनके पास से 67 लीटर अवैध देशी महुआ लहान बरामद किया गया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

परतापुर पुलिस को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने परतापुर और उसके आसपास के इलाकों में सुनियोजित तरीके से अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी। इस रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को रंगे हाथों अवैध रूप से देशी महुआ शराब का संग्रहण और बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया। शराब का अवैध धंधा करने वाले थानापारा परतापुर निवासी 30 वर्षीय मुकेश नेताम के पास से 20 लीटर शराब और 200 नकद, परतापुर छिंदटोला निवासी 30 वर्षीय देवनाथ उसेण्डी के पास से 25 लीटर शराब और 200 रुपए नकद, भिंगीडार निवासी 40 वर्षीय सिरेंद्र बेसरा से 12 लीटर शराब और 300 रुपए नगद और भिंगीडार निवासी 48 वर्षीय फागूराम कोर्राम से 10 लीटर शराब और 200 रुपए नगद जप्त किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत गैर-जमानती अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश किया है।



### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

परतापुर क्षेत्र में इसत्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी अभिषेक महोबिया, उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी, प्रशिक्षु उप निरीक्षक पीपल राज कवर, अमिना, सहायक उप निरीक्षक कुलेश्वर देवांगन, प्रधान आरक्षक जितेंद्र डहरे, हेमंत उइके सहित आरक्षक, नव आरक्षक और गोपनीय सैनिक फूलचन्द व पुनाऊ राम गावड़े की सराहनीय भूमिका रही।

# चार दशक की उत्कृष्ट सेवा के बाद तीन अधिकारी सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पुलिस विभाग में लगभग चार दशकों तक अपनी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अद्वितीय सेवाएं देने वाले तीन जांबाज पुलिस अधिकारी पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके सम्मान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कांकेर में एक अत्यंत गरिमामय और भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के नेतृत्व तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वय आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल, योगेश साहू एवं दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को नम आंखों से भावभीनी विदाई दी गई। इस विदाई समारोह में उप निरीक्षक भागवत चालकी, सहायक उप निरीक्षक प्रभुराम जैन तथा सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर महावीर को पुलिस विभाग में उनके दीर्घ, उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय सेवाकाल के लिए प्रतीक चिन्ह, शाल एवं श्रीफल भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उपस्थित उच्चाधिकारियों ने तीनों अधिकारियों के स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके योगदान को विभाग के लिए हमेशा प्रेरणादायी बताया। समारोह में पुलिस परिवार और परिजन रहे उपस्थित।

**सेवानिवृत्त अधिकारियों का गौरवशाली सेवा सफर :** उप निरीक्षक भागवत चालकी 9 फरवरी 1989 को जिला जगदलपुर में आरक्षक पद से अपनी सेवा शुरू की थी। अपने लगभग 37 वर्षों के लंबे सेवाकाल में इन्होंने जगदलपुर, नारायणपुर एवं कांकेर जिलों में पदस्थ रहकर सराहनीय कार्य किए। सहायक उप निरीक्षक प्रभु राम जैन 22 नवम्बर 1991 को पुलिस सेवा में कदम रखने वाले श्री जैन ने लगभग 35 वर्षों तक कांकेर जिला और विशेष शाखा में सेवाएं दीं। गोपनीय सूचनाओं के संकलन, विश्लेषण एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में इनका योगदान अद्वितीय रहा। सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर महावीर 26 अप्रैल 1983 को जगदलपुर में आरक्षक पद से करियर की शुरुआत की थी। लगभग 43 वर्षों के अपने सबसे लंबे और बेदाग सेवाकाल में इन्होंने जगदलपुर, कोरबा, दंतेवाड़ा एवं कांकेर में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।



### ये रहे उपस्थित

इस भावुक क्षण के दौरान उप पुलिस अधीक्षक बस्तर फाइटर्स मेखलेंद्र प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विकेश्वरी पिंदे, उप पुलिस अधीक्षक कविता धुर्वे, रक्षित निरीक्षक गोविंद वर्मा, यातायात प्रभारी दीपक साव सहित बड़ी संख्या में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन उपस्थित रहे।




# शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया मेधावी छात्र का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर पखांजूर स्थित विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पूजा-अर्चना, पुष्पांजलि एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने /"चलो स्कूल तुमको पुकारे/" गीत सहित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा अतिथियों के हाथों उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें और गणवेश वितरित किए गए। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कांकेर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र को विद्यालय परिवार की ओर से मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुष्मिता नाथ एवं गीता देवांगन ने किया। अंत में अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों के लिए नोंता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष गोपाल ब्रह्मचारी, अध्यक्षता प्राचार्य श्यामल कुमार देवनाथ तथा विशिष्ट अतिथि संकुल समन्वयक बलराम उर्बशा, समिति सदस्य पियूष मंडल एवं संचिता ढाली, शंकर सरकार और विष्णु मिस्त्री उपस्थित रहे।






### 8 लीटर महुआ शराब के साथ कोचिया पकड़ाया

**कोरर।** कोरर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम बाबूदबेना निवासी 35 वर्षीय लोकेश नेताम को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसके घर में दबिश देकर 8 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित देशी महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 800 रुपए जब्त की। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई की गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज